## खबर संक्षेप

### नामांतरण प्रकरणों के निपटारे का विशेष अभियान आज से

**कटनी।** जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की तर्ज पर सोमवार 8 जुलाई से नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया जायेंगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के लिए संचालित अभियान के साथ- साथ नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सोमवार 8 जुलाई से शुरू हो रहे नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के विशेष अभियान के तहत नामांतरण प्रकरणों के निपटारे हेतु नायब तहसीलदारों को प्रतिदिन नामांतरण के कम से कम पांच और तहसीलदार को 10 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया है। राजस्व प्राप्तियों की वसूली के मामले मे प्रथम त्रैमास मे कटनी जिला प्रदेश के सभी जिलों मे द्वितीय स्थान पर है। यहां जिले के राजस्व अधिकारियों ने त्रैमास मे रिकॉर्ड वसूली की है। इसके लिए कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शाबाशी भी दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा चलाये गए विशेष अभियान के दौरान जिले में अब तक रिकॉर्ड 4 हजार 826 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है।

### विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस कल से लगेंगे शिविर

**कटनी।** कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के 13 महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लर्निंग लाइसेंस हेतु आयोजित किये जा रहे कैम्प के तहत 9 जुलाई 2024 को शासकीय तिलक महाविद्यालय, 11 जुलाई को शासकीय कन्या महाविद्यालय में कैंप आयोजित किया जायेगा। इसी तहत 15 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ तथा 18 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय बरही में लर्निंग लायसेंस हेतु कैम्प आयोाजित किया जायेगा। जबकि 22 जुलाई को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे तथा 24 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में कैंप आयोजित होगा। इसी प्रकार 26 जुलाई को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में तथा 31 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, 1 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी, 5 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय उमरियापान, 7 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय रीठी, 9 अगस्त को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी और 12 अगस्त को आई टीआई कॉलेज कटनी में लर्निंग लायसेंस हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा।

### जैन मंदिर की दान पेटी तोड़कर रूपए ले गए चोर

**सिलौंडी।** सिलौंडी के झंडा चौक मोहल्ले के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में विगत रात दान पेटी का ताला तोड़कर पूरा कैश चोरी होने की घटना हुई । सुबह जब समाज के लोग मंदिर आए तब दान पेटी तोड़ी हुई होने सूचना सिलौंडी पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही सिलौंडी चौकी प्रभारी सीताराम बागरी स्टाफ सहित पहुंचे। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है । लोगों ने पुलिस प्रशासन से गांवो में रात में गशती करने की मांग की है ।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक कल

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी द्वारा कटनी जिला के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जिला कटनी की ओर से जानकारी देते हुए बताया है कि 09 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

---

### जगन्नाथ चौराहे स्थित मंदिर में 1100 दीपों की महाआरती के बाद शुरू हुई रथयात्रा, जगह जगह हुआ पूजन

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जय जय जगन्नाथ, जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ, के जयघोष के साथ रविवार को जगन्नाथ चौक स्थित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आगाज किया गया। रथयात्रा के पूर्व 1100 दीपों को भगवान की महाआरती की गई। आकर्षक रथ पर सवार भगवान की एक झलक पाने तथा पूजन अर्चन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों की भीड़ रही। रथयात्रा में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों सहित गणमान्य नागिरकों व आमजन भी शामिल हुए। शाम करीब 5 बजे जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा की प्रारंभ हुई। रथयात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े एवं श्यामा श्याम भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए यात्रा के साथ चल रहे थे। रथयात्रा जगन्नाथ चौक से प्रारंभ होकर आजाद चौक, शेर चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक से होकर राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मण्डी पहुंची। रथयात्रा मार्ग पर कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही थी।





#### राधा कृष्ण मंदिर में होंगे कार्यक्रम

आज 8 जुलाई से 13 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 6 से श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी में अनेक भजन मंडलियों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 15 जुलाई क़ो जगन्नाथ मंदिर से माता जानकी का रथ 4 बजे श्री राधा कृष्णा मंदिर सब्जी मंडी महा प्रभु को मनाने पहुंचेगी। 15 जुलाई दिन सोमवार शाम 6 बजे शोभा यात्रा वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े, एवं बजरंग बाल रामायण मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए शोभायात्रा स्टेशन रोड से सुभाष चौक होते हुए जवाहर चौक, शेर चौक, आजाद चौक से वापस श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पहुंचेगी। 17 जुलाई दिन बुधवार शाम 7 बजे से श्री जगदीश स्वामी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई दिन गुरुवार समय सुबह 12 बजे से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का महाप्रभु जगन्नाथ जी को भोग लगा कर महाभंडारे के प्रसाद को वितरण किया जायेगा।

#### सुरक्षा के रहे चाक चौबंद प्रबंध

जगन्नाथ यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमण करके परिस्थितियों का जायजा लेते रहे। रथ यात्रा मार्ग में तैनात की गई सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने देर शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया दलबल के साथ निकले। उन्होंने यात्रा मार्ग पर भ्रमण करके व्यवस्था के सारे इंतजाम देखें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया ने कहा कि रथ यात्रा में होने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। शहर के तीनों स्थानों का बल एवं पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल बुलाकर जुलूस मार्ग में तैनात किया गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारी भी जुलूस मार्ग में हर समय तैनात रहे। उन्होंने बताया कि संदिग्ध नजर आने वाले लोगों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। निरीक्षण के दौरान एडि एसपी संतोष डेहरिया के साथ शहर कोतवाल आशीष शर्मा, यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



---

**बैठक में मौजूद सभी ने पौधारोपण व संरक्षण का लिया संकल्प**

## पौधारोपण अभियान को लेकर महापौर ने की सामाजिक संस्थाओ के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पौधारोपण अभियान को सफल बनाने एवं नगर निगम द्वारा ढाई लाख वृक्ष लगाने के लक्ष्य को पूरा करने हेतु दिनांक 6 जुलाई को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर की सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख नागरिकों के साथ एक आवश्यक बैठक ली।महापौर सूरी द्वारा वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान हैं। वृक्ष ही वर्षा कराते है, मिट्टी को बांध कर रखते हैं, छाया एवं जीवन भर के लिए फल-फूल, औषधी एवं इमारती लकड़ी प्रदाय करते है। हम सभी को हर खाली स्थान में पौधे रोपण करना चाहिए।जिस पर हमें आप सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के साथ साथ जनसहयोग की आवश्यकता है।



महापौर सूरी द्वारा बताया गया की नगर निगम द्वारा पर्याप्त मात्रा में पौधे उपलब्ध कराये जाएँगे,पौधा रोपण करने एवं उन्हें संरक्षण देने उचित स्थान हेतु आप सभी के सुझाव इस अभियान के लिए बहुमूल्य होंगे ।सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों द्वारा इस अभियान में आगे आते हुए शहर के अन्य विभिन्न स्थानों से अवगत कराया जहाँ वृक्षारोपण किया जा सकता है,बैठक में वृक्षारोपण हेतु वृक्षों की प्रजाति,किन वृक्षों को कितनी दूर लगाना है, गढ्ढे,एवं खाद मिट्टी,वृक्षों के संरक्षण हेतु कटीले तार,ट्री गार्ड,इत्यादि के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।साथ ही सभी के द्वारा वृक्षारोपण के साथ संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,प्र कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,सहा यंत्री आदेश जैन,पार्षद शकुंतला सोनी,सीमा अरविंद श्रीवास्तव ,अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के.बत्रा, धर्मेंद्र धरण त्रिपाठी,प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत, महामंत्री सुनील मिश्रा, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिवकुमार सोलंकी,लघुवेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष पूरणेश उइके वार्ड, उपयंत्री मोना करेरा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न स्वयंसेवी ,समाजसेवी संगठनों के प्रमुखों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

---

### पौधारोपण कर संरक्षित करने का लिया संकल्प




एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा वन विभाग के समन्वय एवं ग्राम वासियों के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसने नवांकुर संस्था के सदस्यों के साथ जनप्रतिनिधि गण ,ग्राम वासियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया और उन पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। जन अभियान परिषद के द्वारा विकासखंड के प्रत्येक सेक्टर में 1000, एवं विकासखंड में कुल 5000 पौधे रोपित करने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में नीम की निंबोली, आम, जामुन, बेल महुआ,के बीज एकत्रित कर ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों ,नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता, छात्र-छात्राओं, आनंद क्लबों, आनंद को एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा नीम के बीज एकत्रित किए जा रहे हैं , सभी के द्वारा नर्सरी तैयार कर आगामी वर्षा ऋतु में सुरक्षित स्थानों में उन पौधों का रोपण किया जाएगा।

---

## उमरियापान में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान में वैश्य बानी समाज के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं सुभद्राजी की भव्य रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में श्रृद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर धर्मलाभ अर्जित किया। ब्यौहार मोहल्ला स्थित मंदिर से जय जय जगन्नाथ उद्घोष के बीच बैंडबाजों के साथ रथयात्रा निकली। इस दौरान जगह जगह श्रृद्धालुओं ने रथयात्रा का स्वागत एवं पूजन किया। रथयात्रा में राधा-कृष्ण, और हनुमानजी की जीवंत झांकी के साथ नृत्य प्रस्तुती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झंडाचौक में कमलेश पौराणिक सहित भक्तों ने प्रसाद वितरण किया।



रथयात्रा में भागचंद असाटी, गोविंद असाटी, सरपंच अटल ब्यौहार, राजेश ब्यौहार, नरेश असाटी, अशोक असाटी भोपाल, विजय दुबे, जागेश्वर सोनी, राजेश कटारिया, बबलू असाटी, संतोष सोनी, संदीप सोनी, पिक्कू असाटी, कमलेश, प्रमोद असाटी, बड्डा गुप्ता सहित बडी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

नगर के अथैया मोहल्ला, झंडाचौक, बडीमाई मंदिर, न्यू बस स्टैंड, आजाद चौक, कटरा बाजार भ्रमण उपरांत रथयात्रा बिरखा स्थित जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची। जहां रथयात्रा का स्वागत कर भगवान का विशेष पूजन अर्चन किया गया। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति ट्रस्ट अध्यक्ष शैलेंद्र पौराणिक, मौजीलाल पौराणिक, राघवेंद्र बाजपेयी सहित श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

---

**मातृ मृत्युदर में कमी लाने बैठक में लिया था निर्णय**

## जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में आज से चौबीस घंटे रहेगी डाक्टरों की उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला चिकित्सालय में सोमवार 8 जुलाई से आकस्मिक चिकित्सा सेवा की तरह मेटरनिटी वार्ड में भी अब 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता रहेगी। यह व्यवस्था सोमवार 8 जुलाई से जिला चिकित्सालय मे प्रभावी हो जायेगी। यह निर्णय कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे जिला चिकित्सालय में आयोजित जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक मे लिया गया था।

#### मृत्यु दर में कमी लाने नवाचार

जिले मे मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कई नवाचार किए गए हैं। जिसमें हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन हेतु प्रति माह 9 एवं 25 तारीख को विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में शिविरों का आयोजन कर विशेष देखभाल की आवश्यकता वाली गर्भवती महिलाओ की पहचान कर , उन्हें जिला चिकित्सालय और सिविल अस्पताल में बनाए गए बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती करने व्यवस्थागत प्रक्रिया शामिल है।

#### उपलब्धता सुनिश्चित कराने निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने चिकित्सालय में दोपहर 2 बजे के बाद मेटरनिटी वार्ड में महिला चिकित्सक न होने के कारण प्रसूताओं को होने वाली असुविधा के मद्देनजर सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ और महिला चिकित्सकों के समूह से न्यूनतम एक एम.बी.बी.एस डॉक्टर हर समय महिला रोगियों की परिचर्या मे उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद यह डयूटी रोस्टर सोमवार 8 जुलाई से प्रभावी हो गया है। यहां तैनात होने वाले सभी डॉक्टर्स अपनी डियूटी के दौरन ऑपरेशन, ओपीडी व आकस्मिक सेवाओं का संचालन करेंगे।

#### इन डॉक्टरों की लगेगी ड्युटी

सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि चौबीसों घंटे मेटरनिटी वार्ड में महिला डॉक्टर की मौजूदगी के लिए नौ डाक्टरों का समूह बनाया गया है। जिसमे डॉ हर्षिता गुप्ता, डॉ सीमा शिवहरे, डॉ सुनीता वर्मा, डॉ सुनीता सिंह, डॉ आरती सौंधिया, डॉ श्रद्धा द्विवेदी, डॉ दिव्या भार्गव, डॉ नेहा कदम, डॉ उमा भावना सहित इन नौ डॉक्टरों मे से सुबह चार स्पेशलिस्ट चिकित्सक और दोपहर में एक एम.बी.बी.एस. डॉक्टर मेटरनिटी वार्ड मे मौजूद रहेगा। इन डॉक्टरों में से पालीवार प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक और रात्रिकालीन डयूटी के तहत रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक डॉक्टर मौजूद रहेंगे

---

**विशेषज्ञ प्रशिक्षक सिखायेंगे छात्रावासी छात्राओं को जूडो- कराटे**

## छात्रावासों की छात्राओं को सिखाये जाएंगे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव प्रयास करते हुए जिले के सभी 40 छात्रावासों में निवासरत करीब साढ़े तीन हजार छात्राओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिलाने की पहल की है। ताकि विशेषज्ञों की देखरेख में छात्रायें जूडो कराटे में प्रशिक्षित होकर स्वयं की आत्मरक्षा करने के गुर सीख सकें।

छात्राओं को आत्मसुरक्षा के नजरिए से सशक्त और सक्षम बनाने का नवाचार करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला है। कलेक्टर श्री प्रसाद की निगरानी में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और कोटेश्वर लाइम स्टोन के कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इन संस्थानों की भागीदारी से पूरा प्रशिक्षण माड्यूल तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण देने की यह व्यवस्था सितंबर मासांत तक शुरू होना संभावित है।

आत्मरक्षा हेतु प्रदाय किया जाने वाला यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न होगा ।जिसके प्रथम चरण मे जूडो और कराते का प्रशिक्षण 10 प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 15 दिवसीय होगा। इसमें बालिकाओं के सीखने की क्षमता के आधार पर उनका चयन उक्त खेलों हेतु किया जायेगा। जबकि दूसरे चरण मे प्रत्येक 2 माह मे पांच- पांच दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण सभी बालिकाओं के साथ - साथ उस केन्द्र की चयनित बालिकाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिये जाने से सभी की प्रेक्टिस बनी रहेगी।



#### प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता

प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु जिन बालिकाओं का चयन किया जावेगा ,उनको विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा तथा वर्ष भर होने वाले खेल संघों, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा खेल विभाग की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी ।ताकि आत्मरक्षा के साथ- साथ इन दोनों खेलों मे कटनी जिले की छात्राओं का नाम भी राष्ट्रीय एवं अंतरार्ष्ट्रीय फलक पर चमकेगा।

#### आत्मरक्षा के स्किल का प्रचार -प्रसार

छात्रावासी बालिकाओं के द्वारा जूडो - कराटे का प्रशिक्षण हासिल करने के बाद उन्हीं के माध्यम से यह विधा रफ्ता- रफ्ता जिले के कोने -कोने में, नगर ,गांव और मोहल्ले तक फैलेगी। प्रत्येक केन्द्र की चयनित बालिकायें अन्य बालिकाओं को सिखायेगीं। बालिकायें जब -जब अपने घर जावेगीं ,तब-तब अपने घर के महिलाओ ,गांव,मोहल्ले की बालिकाओं को सिखाएंगीं ।जिससे उनकी प्रेक्टिस की निरंतरता भी बनी रहेगी।

#### विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण

प्रथम चरण में सभी केन्द्रों में दो खेल जूडो और कराते खेल का 15-15 दिवस का प्रशिक्षण नियमित दिया जावेगा। द्वितीय चरण में प्रशिक्षण उपरांत प्रत्येक केन्द्र पर प्रति 2 माह में 5-5 दिवस का प्रशिक्षण दिया जावेगा। जिले से बाहर चयनित बालिकाओं को खेलने जाने हेतु अवसर प्रदान कराया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक छात्रावास में उच्च गुणवत्ता मानक के आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इससे जिले में जूडो और कराते में उत्कृष्ट और प्रतिभावान खिलाड़ियों हेतु एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। इस हेतु सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में नियमित प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सामग्री किक पैड, पंचिग बैग और ग्लब्स छात्रावासों में संख्या के आधार पर दी जायेगी।

---

## जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसके संबंध में मंगलवार 9 जुलाई 2024 को अपराह्न 5 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है।

कलेक्टर अवि प्रसाद नें खजुराहो सांसद व्हीडी शर्मा, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विजयराघवगढ़, संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल,मुड़वारा, प्रणय प्रभात पाण्डे, बहोरीबंद, धरिन्द्र सिंह, बड़वारा, श्रीमती सुनीता मेहरा अध्यक्ष जिला पंचायत, अशोक विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, समस्त जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सहित जिला पंचायत सदस्य, वार्ड क्रमांक 1, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 से आयोजित बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करने का आग्रह किया है।

कलेक्टर शद्वारा कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, को समस्त माननीय सदस्यों को बैठक का फोल्डर एवं कार्यों की सूची सोमवार 8 जुलाई तक उपलब्ध कराते हुये अपने अनुविभागीय अधिकारी,सहायक यंत्री,उपयंत्री, ठेकेदारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के के निर्देश दिए है। साथ ही महाप्रबंधक, जल निगम, पन्ना, उमरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटनी, रीठी, बहोरीबंद, बड़वारा, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा को जानकारी के साथ बैठक मे उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### महापौर द्वारा चार मशीनों का किया गया लोकार्पण

**कटनी।** शहर में नालियों एवं नाले की साफ़-सफ़ाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने हेतु नगर निगम द्वारा चार नयी मशीनों का क्रय किया गया जिसका लोकार्पण महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा 6 जुलाई को किया गया। महापौर सूरी द्वारा बताया गया की मशीन के द्वारा कम समय में अधिक सफ़ाई की जा सकेगी जिससे हमारे शहर में गंदगी बीमारी जैसी समस्याओं को रोका जा सकेगा।

### खेत गए वृद्ध की करंट लगने से मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम केलावारा कला मे गत दोपहर खेत मे काम करने गए वृद्ध की करेंट लगने से मौत हो गयी। जानकारी अनुसार मृतक धनीराम पटेल पिता शम्भूलाला 65 निवासी कैलवारा कला निवासी जो घटना कल सुबह 11 बजे खेत गया था। रात भर परिजन उसे खोजते रहे जो आज सुबह खेत मे मृत पाया गया ।बताया गया कि यहां एक बिजली खम्बे की लाइन बाउंड्री से संपर्क में होने के कारण करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में व्रद्ध आ गया पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव क़ो परिजनों क़ो सौंप दिया गया।

### रेत का अवैध परिवहन, ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त



**कटनी।** उमरियापान में रेत का अवैध परिवहन करते हुए नायब तहसीलदार अजय मिश्रा ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। रेत से संबंधित कागजात न होने पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा कराया है। रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पोंडी खुर्द निवासी सोनू चौहान की है। जिसके द्वारा पोंडी खुर्द और आसपास के घाटों से रेत की निकासी की जाती है। रेत परिवहन के कार्य में बगैर नम्बर की ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग किया जाता था। नायब तहसीलदार ने अग्रिम कार्यवाही का प्रतिवेदन ढीमरखेड़ा एसडीएम को भेजा है।

### जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली रथयात्रा

**विजयराघवगढ।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित भगवान जगन्नाथ जी के रथयात्रा महोत्सव में प्रातःकालीन बेला में वैदज्ञ आचार्य पं कृष्णदास पांडेय,राकेश उरमलिया,ऋषिकेश मिश्रा,धीरेन्द्र द्विवेदी षोडशोपचार पूजन महाआरती कर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु को रथारुढ कराते हुए जय जगन्नाथ के उद्घोष करते हुए भक्तों ने नगर में रथयात्रा निकाली। जगह – जगह भगवद भक्तों ने वंदन पूजन करते हुए रथयात्रा महोत्सव में सम्मलित हुए। मध्याह्न भंडारे का उपस्थित जन ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जगदीश त्रिपाठी राजा, यश पाठक वसुधा मनीष मिश्रा, मनीषा अजय शर्मा, मदनलाल ग्रोवर, रामाधार गौतम, रमेश शुक्ला, श्रीमती सारिका डॉ अनिल मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, अनिल शर्मा, अवधराज तिवारी, नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### आज होगी समीक्षा बैठक

**कटनी।** कॉल बिफोर यू डिंग के संबंध मे प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक सोमवार 8 जुलाई 2024 को टी.एल बैठक उपरांत कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों सहित दूरसंचार विभाग भारत सरकार के जिला प्रतिनिधि से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा कॉल बिफोर यू डिग एप्लिकेशन विकसित किया गया है। जिसका उद्देश्य किसी खुदाई गतिविधि के दौरान ओएफसी अथवा बिजली की केबल, पानी अथवा गैस पाईप लाइन जैसी भूमिगत अवसंरचनाओं को होने वाले नुकसान से रोकना है।

## अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में की गई कार्यवाही, मचा रहा हड़कंप

# जिले भर में रात्रि गश्त में उतरी पुलिस की फौज, एक सैकड़ा बदमाशों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की फौज ने बीती काम्बिंग गश्त की। बदमाशों की तलाश करते हुए पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार चल रहे 100 आरोपियों को दबोच लिया। इसके साथ ही 32 गुण्डा बदमाश व 33 निगरानी बदमाशो के ठिकानों में दबिश देकर चेक करते हुए उन्हें अपराध से तौबा करने की हिदायत दी। इतना ही नहीं कांबिंग गस्त के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये शराब जप्त कर 18 प्रकरण किये पंजीबद्ध किए गए। देर रात आरक्षक से लेकर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तक रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक क्षेत्र में डटे रहे। गस्त के लिए 269 से अधिक के बल को अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारियो के नेतृत्व में टीमों का गठन कर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए ताबड़तोड़ कार्यवाही करने के लिए रवाना किया।

पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देशानुसार रात्रि कांबिंग गस्त 6-7 जुलाई की दरम्यानी रात पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित अलग अलग टीमों के माध्यम से की गई। इस दौरान कटनी पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे माननीय न्यायालय द्वारा जारी किए गए स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी की घर पकड़ की गई।

### चलाया गया विशेष अभियान

पकड़े गए उपर्युक्त आरोपी लंबे समय से फ़रार थे। उनकी गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पूर्व मे इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। जिले की क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं बदमाशों के मन मे भय पैदा करने के उद्देश्य से गत रात्री जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 33 स्थाई वारंट, 77 गिरफ्तारी वारंट कुल 100 वारंट तामिल किए गए हैं। साथ ही 32 गुण्डा बदमाश एवं 33 निगरानी बदमाशों एवं 4 जिला बदर को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। साथ ही अवैध शराब के विरुद्ध 18 प्रकरण मे दर्ज कर अवैध शराब जप्त की गई।

कांबिंग गस्त के दौरान थाना बहोरीबंद द्वारा ग्राम रामनगर के पास जंगल के नाले से करीब 09 क्विंटल महुआ लाहान कीमती 90 हजार रुपए का बरामद कर नष्टीकरण कराया गया, एवं एक व्यक्ति से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त कर 34a आब एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। एक बार पुनः कांबिंग गस्त में 100 वारंटियों को गिरफ्तार कर कटनी पुलिस ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि कटनी में कानून का राज है और अपराधी चाहे जितना शातिर हो अगर वह जिले की कानून व्यवस्था के साथ छेड़खाड़ करेगे वह कटनी पुलिस के शिकंजे से बच कर नही निकल पायेगे।

उक्त समस्त कार्यवाही में पूरे जिले की टीम शामिल रही। जिसमें समस्त थाना, चौकी, पुलिस लाईन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बल एक साथ दबिश देकर उक्त समस्त वारंटियो को गिरफ्तार करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया। कार्रवाई में शामिल पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में उद्घोषित इनाम राशि से पुरूष्कृत किया जावेगा।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत करें पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हो रहे व्यापक पैमाने पर पौधारोपण करने वालों से आग्रह किया है कि वे रोपे पौधे के साथ वायुदूत अंकुर एप पोर्टल पर फोटो भी अपलोड करें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनीवासियों से पौधारोपण के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की है ।कलेक्टर ने कहा है कि पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचायेंगे ,बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे । उन्होंने कहा कि पौधारोपण के इस नेक अभियान से सभी जुड़ें ।आप अपने परिजनों को लेकर माताजी के साथ भी सेल्फी लें और अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड करें। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

### ऐसे करें अपलोड

कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ अपना फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड अवश्य करें। गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड कर लेवें। एप डाउनलोड पश्चात प्रतिभागी अपनी इच्छा अनुसार भाषा हिन्दी,अंग्रेजी का चयन करें। नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें।मोबाइल नम्बर दर्ज कर लॉगिन करें।प जीकृत मोबाइल नम्बर पर ओ टी पी प्राप्त कर वेरीफाई कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें।व ेरीफिकेशन उपरांत नया वृक्षारोपण पर क्लिक करें। रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप पर अपलोड करें।

### नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

**कटनी।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपरिहार्य कारणों से फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2024 की तैयारी के लिए नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम, आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया है।

## नगर निगम ने चलाया शेड्यूल डिस्लजिंग अभियान

# सार्वजनिक एवं आवासीय परिसर में स्लज संग्रहण कर जगायी स्वच्छता की अलख



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों से जन सामान्य को अवगत कराने हेतु जून 2024 के दौरान नगरी निकायों में आयोजित स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के निर्देशानुसार व निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक ,सार्वजनिक एवं आवासीय परिसरों में स्लग संग्रहण हेतु जागरूकता अभियान का संचालन किया गया।

नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की स्वच्छता टीम ओम सांईं विजन द्वारा निकाय के वार्ड क्रमांक 38 जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर में प्रदीप तिवारी के घर से सीवर सेफ्टीक टैंक को रजिस्टर ऑपरेटर के माध्यम से खाली करवाया गया ।साथ ही एफएसटीपी प्लांट में संग्रहण किये गए स्लज टैंक को खाली भी करवाया गया । सेफ्टीक टैंक की नियमित सफाई करवाने हेतु जन-जन को जागरूक करने के लिए निकाय में स्थित समस्त वार्डों में मलासुर जन जागरूकता अभियान का आयोजन कर समस्त नागरिकों को हर 3 साल में अपने सेफ्टीक टैंक को रजिस्टर्ड ऑपरेटर के माध्यम से ही टैंक खाली करवाने की समझाइए दी गई । एवं सेफ्टीक टैंक खाली करवाने शुल्क के संबंध में भी जानकारी प्रदाय की गई और हेल्पलाइन नंबर 14420 एवं 181 की जानकारी से जन-जन को अवगत कराया गया ।

## सुरम्य पार्क में महापौर ने किया पौधारोपण




महापौर प्रीति संजीव सूरी,ज़िलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,एवं नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल की गरिमामय उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सुरम्य पार्क में सभी के द्वारा वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संतुलन एवं स्वच्छ वातावरण हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया ।उक्त कार्यक्रम नगर निगम द्वारा आगामी दिनों अलग अलग स्थानों में जारी रहेगा जिससे अधिक से अधिक वृक्ष लगाया जा सके ।महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा सभी से इस अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाते हुए वृक्षों का संरक्षण हेतु सहयोग की अपील की है ।इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,पार्षद सीमा श्रीवास्तव,प्र.कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,प्र.सहा यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री मोना करेरा,मृदुल श्रीवास्तव,उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अर्जरिया एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# प्राकृतिक आपदाओं से फसलों में क्षति होने पर किसानों को मिलेगा बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई कटनी जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कटनी ने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1 ,आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हे भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व अतः 24 जुलाई तक अपने संबंधित बैंक में अवश्य सूचित करें।

फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (आकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान, ओलावृष्टि,चक्रवात, बाढ़, जलभराव, भू-स्खलन , सूखा , कीट-व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिये कटनी जिले हेतु जिला स्तर में उड़द का प्रीमियम 500 रूपए ,तहसील स्तर में तिल के लिये 374 रुपये प्रति हेक्टेयर , पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित के लिये प्रीमियम राशि 720 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित के लिये 560 रूपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिये 440 रूपए, तुअर के लिये 618 रूपए, प्रीमियम राशि निर्धारित है। अधिसूचित फसलों के बीमा की प्रीमियम राशि अपने बैंक अथवा सी.एस.सी. सेंटर में जमा कर रसीद प्राप्त कर सकतें है।

## नगर निगम द्वारा ऑडीटोरियम में मनाया गया गौरव दिवस

# नगर पालिका स्थापना दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मप्र शासन के निर्देशानुसार सन 1874 को कटनी नगर की स्थापना मुड़वारा नगरपालिका के रूप में होने के उपलक्ष्य में नगर निगम कटनी द्वारा बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में नगर गौरव दिवस मनाया गया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, एमआईसी सदस्य,अन्य पार्षद गणों द्वारा सरस्वती वंदना पूजन एवं मध्यप्रदेश गान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के अगले क्रम में ए रवींद्रराव,केसीएस एवं साधुराम शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण,नृत्य,गीत इत्यादि की प्रस्तुति दी गई।

### महापौर ने गाया भजन

महापौर सूरी द्वारा सुंदर भजन गाकर विशेष प्रस्तुति देते हुए सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब विकास की ओर निरंतर अग्रसर है हम सभी के प्रयासों से विगत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण मैं हमारे कटनी शहर को देश में 36वाँ एवं प्रदेश में 8वा स्थान प्राप्त हुआ है जो कि हम सबके लिए एक सफलता हैं,और सभी के सहयोग से आगे भी हम सब इसी तरह हमारे शहर को साफ़ एवं स्वच्छ रखने हेतु और अधिक प्रयास करेंगे जिससे हम आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण मैं उच्चतम स्थान प्राप्त कर सके साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लें जिससे हमारा पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।इसके उपरांत 10,12 वी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम क्रम में ऑडिटोरियम परिसर में वृक्षारोपण करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,रमेश सोनी,अवकाश जायसवाल, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी,उमेन्द्र अहिरवार उपायुक्त पी.के अहिरवार, प्र.कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,सुधीर मिश्रा, राहुल जाखड़, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, उपयंत्री अश्वनी पांडेय ,मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव,साधुराम प्राचार्या सुमनलता सोलंकी एवं समस्त शिक्षक तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# एम.वाई.भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में घोषित शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित माई भारत पोर्टल एंड डिजिटल साक्षरता का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कटनी जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवको ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे मास्टर ट्रेनर के रूप में सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अखिलेश पाठक रहे। डॉ आर पी सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने प्रशिक्षण की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि भविष्य में होने वाली हर गतिविधि माई भारत पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे ने कहा कि माई भारत पोर्टल विकसित भारत 2047 का एक विजन है। उन्होंने आगे कहा समय के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों को डिजिटल साक्षरता के साथ कौशल भी प्राप्त करना होगा रा.से.यो एक जीवन शैली है।

### विस्तार से दी जानकारी

मास्टर ट्रेनर के रूप में सेंट अलॉयसियस कॉलेज से आए डॉ अखिलेश पाठक ने बताया कि माई भारत पोर्टल पर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। उन्होंने माई भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता का प्रायोगिक प्रशिक्षण देते हुए माय भारत पोर्टल पर पंजीयन,इवेंट क्रिएट करना,एक्सपीरियंशियल लर्निंग अपॉरचुनिटी आदि को विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त महाविद्यालय एवं विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रत्येक इकाई से एक स्वयंसेवक की सहभागिता रही।

### जिले में अब तक 118.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से से 7 जुलाई तक कुल 118.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 244.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 126.8 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 7 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 126.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 123.7 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 79.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 97.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 95.2 मिमी, बहोरीबंद मे 124.4 मिमी, स्लीमनाबाद में 136.5 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 160.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# विद्युत शिकायतों के निवारण के लिए आज से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्युत शिकायतों के निवारण हेतु आज से शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही मुख्यालय में 10 जुलाई मेहगंवा मुख्यालय में 8 जुलाई लाल नगर मुख्यालय में 12 जुलाई, नदावन मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। बडखेडा मुख्यालय में 8 जुलाई , लखा पटोरी मुख्यालय में 8 जुलाई, निवार मुख्यालय में 6 जुलाई भनपुरा मुख्यालय में 12 जुलाई, शाहपुरा मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही मुख्यालय में 10 जुलाई, करौंदी खुर्द मुख्यालय में 12 जुलाई, गैरतलाई मुख्यालय में 8 जुलाई, सलैया मुख्यालय में 14 जुलाई बकलेहटा मुख्यालय में 12 जुलाई गुजरी मुख्यालय में 8 जुलाई खमरिया मुख्यालय में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत बंजारी मुख्यालय में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा मुख्यालय में 10 जुलाई देवराकला मुख्यालय में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी मुख्यालय में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ मुख्यालय में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत मासिक सहायता राशि की 14वीं किस्त जारी

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों को मासिक सहायता राशि की 14वीं किस्त बैंक खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। पन्ना जिले की लगभग एक लाख 85 हजार लाड़ली बहनों को भी माह जुलाई की 22 करोड़ 73 लाख 80 हजार 750 रूपए की सहायता राशि मिली है। योजना अंतर्गत वर्तमान में 1250 रूपए की प्रतिमाह सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर दिखाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में भी उपस्थितजनों द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना गया। इस दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार सहित महिला व बाल विकास विभाग के अधिकारी और लाड़ली बहनें भी मौजूद रहीं।

# हर्षोल्लास के साथ निकाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी श्रीश्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी जी रथ यात्रा उमंग व उत्साह से निकाली गयी। रविवार की दोपहर भगवान जगदीश स्वामी का पूजन अर्चन कर सुसज्जित रथ पर बैठाकर भगवान जगदीश यात्रा शुरू हुई।जो रिमझिम पानी की फुहारों के बीच बालाजी जी मंदिर प्रांगण से रतन बजरिया गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का अल्प विश्राम हुआ एवं उनकी पूजन आरती की गई, तत्पश्चात रथ यात्रा चण्डी जी मंदिर से पेट्रोल पंप की ओर प्रारंभ होते हुए भगवान अपनी जनकपुरी के द्वार तक पहुंचे जहां से पुनः नगर भ्रमण कर तीन बत्ती तिगड्डा प्यासी मुहल्ला राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार बिहारी जी मंदिर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची जहां आरती पूजन कर मालपुआ का प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। रथ यात्रा का नगर निर्माण के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों चौराहों पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए आरती पूजन कर भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा के दौरान युवा भक्तों का रथ यात्रा के प्रति जोश और उत्साह काबिले तारीफ था। भगवान जगन्नाथ को सुसज्जित रथ में विराजित कर युवा वर्ग रास्ते से रथ को खींचते हुए चल रहे थे, यात्रा में बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ढोल धमाकों बंद आवाजों के साथ नृत्य करते हुए सड़क पर चल रही थे। रथ यात्रा में बालाजी मंदिर के महंत हरिराम दास जी रामगोपाल जी महंत श्री श्यामदास जी महाराज के साथ नगर व आसपास के ग्रामीण भक्तजनों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।



### कमिश्नर न्यायालय में रोजगार सहायक द्वारा लगाई अपील खारिज

**हटा।** जनपद पंचायत हटा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमझिर में प्रभारी के रूप में कार्यरत रोजगार सहायक खेलन यादव को वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा रोजगार सहायक की सेवाएं समाप्त करनें का आदेश 16 मई 2024 को पारित किया गया था जिसके विरूद्ध रोजगार सहायक द्वारा कमिश्नर सागर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई थी जिस पर स्थगन का आवेदन भी प्रस्तुत किया गया था। कमिश्नर न्यायाल द्वारा अपीलार्थी के तर्क श्रवण कर प्रकरण में द्वितीय व अंतिम अपील आयुक्त म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी भोपाल के समक्ष प्रस्तुत की जानी थी पंरतु अपीलार्थी द्वारा कमिश्नर न्यायालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई जिसे प्रचलन में न होने के कारण अपीलार्थी रोजगार सहायक की अपील को कमिश्नर न्यायालय संभाग सागर द्वारा निरस्त किया गया।

### पीटीए की बैठक कर किया पौधरोपण



**हटा।** नगर के शासकीय हाई स्कूल गौरीशंकर वार्ड में पीटीए की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छात्रों के अभिभावकों की उपस्थिति रही।सर्वप्रथम बैठक के आरंभ में प्राचार्य गोपाल साहू द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं छात्रों के अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।आयोजित बैठक में छात्रों के मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका पर अभिभावकों के हस्ताक्षर कराए गये एवं एक माह की शाला की कार्ययोजना शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। एवं उनके सुझाव मांगे गए। तत्पश्चात एक वृक्ष मां के नाम अंतर्गत अभियान के साथ स्कूल प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा परिसर में पौध रोपण किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमति नम्रता सेन द्वारा किया गया इस अवसर पर शिक्षक अरविन्द कुरेरिया श्रीमति माया कोरी श्रीमति देवकी चक्रवर्ती श्रीमति सविता वत्रा श्रीमति सुरभि गौर एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

### संत नामदेवजी के समाधि दिवस पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये



**दमोह।** सकल नामदेव समाज दमोह के द्वारा स्थानीय बेलाताल टापू संत नामदेव मंदिर दमोह में संत शिरोमणि नामदेव जी महराज का समाधि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे नामदेव समाज विकास परिषद 3315/73 के प्रदेशाध्यक्ष अरूण नामदेव, प्रदेश महामंत्री तरुण कुमार चूणामन, गुना नामदेव समाज अध्यक्ष भगवान सिंह नामदेव अतिथि के रूप मे विराजमान रहे। संत शिरोमणि नामदेव जी महराज ने आज ही के दिन - 80 वर्ष की आयु में पढंरपुर में विठ्ठल के चरणों में आषाढ़ त्रयोदशी संवत 1407 जुलाई 1350 ई को भगवान श्री कृष्ण माता रुक्मिणी की उपस्थिति समाधि में लीन हुए । सर्वप्रथम उपस्थित समाज़ बंधुओं के द्वारा नामदेव महराज का भावपूर्ण ध्यान किया गया । इसके बाद रिटा. शिक्षक राजकुमार नामदेव के द्वारा संत शिरोमणि नामदेव जी महराज के समाधि प्रसंग पर प्रकाश डाला गया इसके उपरान्त संत शिरोमणि नामदेव महराज की आरती एवं भोग प्रसादी की गई। उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार, प्रदेश महामंत्री राकेश चूणामन नामदेव के द्वारा नामदेव विकास परिषद दमोह के जिलाध्यक्ष पद हेतु राजू नामदेव के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी सम्माननीय समाज बंधुओ के द्वारा हर्ष के साथ समर्थन प्रदान किया गया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा अध्यक्ष पद पर राजू नामदेव की घोषणा की गई। कार्यक्रम का आभार मंदिर की आधारशिलारखने वाले परिवार से अजीत नामदेव ने माना। इस अवसर पर मोहन नामदेव, दीनदयाल नामदेव, चौधरी संतोष नामदेव, बृजेश नामदेव आटो, संदीप नामदेव, पुस्सू नामदेव, राजेश नामदेव, सचिन नामदेव, अनिल नामदेव, सूरज नामदेव, रिषी नामदेव मुन्ना नामदेव, निपिन नामदेव, राजेश नामदेव, शुभम नामदेव, कार्तिक नामदेव, अशोक नामदेव, बसंत नामदेव, हंसराज नामदेव, सहित बड़ी संख्या में माताओं बहनों सहित युवाओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय कटारिया ने किया।

### गाजे बाजे के साथ निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा

**पवई।** बीते 25 वर्षों की भांति इस वर्ष भी पवई नगर में विशाल जगदीश स्वामी रथ यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह से ही यात्रा को लेकर नगर में चहल पहल देखी गई। दोपहर में भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहिन सुभद्रा,बलभद्र की विधि विधान से आरती पूजन किया गया,इसके बाद शाम 6रू00 बजे तीनों को रथ पर विराजमान किया गया और पूजा अर्चना आरती की गई, इसके बाद पुलिस के जवानों द्वारा भगवान जगन्नाथ को गॉड ऑफ ऑनर देते हुए रथ यात्रा नगर के मुख्य मार्ग अजय मेडिकल,झंडा बाजार गांधी चौक, मोहन्द्रा तिराहा से होते हुए नन्ही पवई पहुंची, जहां रात्रि विश्राम होगा। भगवान की रथ यात्रा का जगह-जगह नगर वासियों द्वारा कलश के साथ स्वामी जी का स्वागत किया गया और प्रसाद के रूप में मिष्ठान का वितरण किया गया। जगन्नाथ रथ यात्रा के संदर्भ में कई कथा जनमानस में प्रचलित हैं,एक कथा के अनुसार एक बार देवी सुभद्रा ने अपने भाई श्री कृष्ण और बलराम से नगर दर्शन की इच्छा प्रकट की जिसे पूरी करने के लिए तीनों रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले तभी से प्रति वर्ष रथ यात्रा का आयोजन होता है। भगवान जगन्नाथ जी भगवान विष्णु का अवतार और ब्रह्मांड का शासक माना जाता है। वार्षिक रथ या रथ उत्सव के मुख्य पात्र हैं। यह पवित्र त्रिदेवों की गुंडिचा मंदिर में उनके जन्म स्थान की 9 दिवसीय यात्रा का स्मरण कराती है। रथ यात्रा के अवसर पर राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता बृजेश जी महाराज अरुण लटोरिया,पुष्पेंद्र लटोरिया, समाजसेवी डॉक्टर अमित खरे, अजय श्रीवास्तव उमेश द्विवेदी, मंदिर के पुजारी अनूप अंशुल पाठक, कृष्ण प्रताप सिंह (कान्हु राजा) मधु पांडे सहित रथ यात्रा में हजारों की संख्या में नगर के धर्म प्रेमी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी सुयश पांडे, नायब तहसीलदार अरुण श्रीवास्तव सहित पुलिस बल एवं राजस्व की टीम मुस्तैद रही।

# पौधा रोपण करें, उसकी सुरक्षा का संकल्प लें: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्लोबल वार्मिंग हो रही है, यह अकेले हमारे देश की समस्या नहीं है, रूस, अमेरिका, यूरोप सभी जगह इसके प्रभाव पड़ रहे हैं। यदि हमने पौधारोपण नहीं किया और जिस तरीके से बेतहाशा जंगल कट रहे हैं, वाकई में हमें सांस लेना दुभर हो जाएगा। शहर के नागरिक गण पौधा रोपण करें और सुरक्षित पौधारोपण करें। इस आशय की बात पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने वाल्मीकि समाज के शमशान घाट में सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। श्री मलैया ने कहा चाहे आप अपने आंगन या छत पर रखें, किसी भी तरीके से पौधरोपण अवश्य करें, तो निश्चित तौर से हमारा आगे का जीवन है वह ज्यादा बेहतर तरीके से हो सकेगा। दमोह विधायक श्री मलैया ने कहा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी कहा हैं प्रदेश की जितनी आबादी है उतने ही पौधे पूरे प्रदेश में रोपित किए जाएं। इसी तारतम्य में दमोह में भी इस प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं, कल नेहरू उद्यान में पौधारोपण किया, इसके पूर्व जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के जल स्त्रोतों की सफाई का अभियान चलाया गया। साथ-साथ पौधरोपण भी किया गया। दमोह में बेलाताल, राजनगर, पुरैना तालाब में साफ सफाई का काम किया। इसी क्रम में आज वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम में सभी ने श्रमदान कर पौधरोपण का कार्य किया। यह कार्य लगातार चलता रहेगा। श्री मलैया ने बताया अगले रविवार 14 जुलाई को सभी मिलकर सीताबाबरी मुक्तिधाम में श्रमदान भी करेंगे और पौधारोपण भी करेंगे। दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री मलैया ने बाल्मीकि मुक्ति धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कदम और गुलमोहर के पौधे रोपित किये। साथ ही जनप्रतिनिधिगण, वाल्मीकि समाज के लोग, विभिन्न समाज के पदाधिकारीगण, स्वयंसेवी संस्थाएं, गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। पौध रोपण के पूर्व मुक्ति धाम में अपर कलेक्टर मीना मसराम की अगुवाई में श्रमदान कार्य गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आर एल बागरी, मनीष तिवारी, मोंटी रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सम्मानीय मीडियाजन, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# एक्यूप्रेशर थेरेपी शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सब जेल हटा में बंदियों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु जेलर नागेंद्र चौधरी द्वारा जेल में प्रतिमाह स्वास्थ्य से संबधित गतिविधियां कराते हुए शिविर आयोजित कराए जाते है जिससे सभी जेल में बंद बंदी स्वस्थ व निरोग रहे। उन्होंने बताया कि जेल में बंद बंदियों द्वारा पुरानी चोट, जोड़ो में दर्द, गठिया बात, साइटिका जैसे रोगों के इलाज कराए जाने की गुहार लगाई जा रही थी जिससे उनकी सुविधा को देखते हुए जेल में सात दिवसीय दिवसीय एक्यूप्रेशर थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें थेरीपेस्ट श्री प्रीतम चौधरी और उनके सहयोगियों द्वारा किया जा रहा 17 बंदियों को थेरपी दिया गया। जोकि बंदी लगातार सात दिनों तक थेरेपी का लाभ लेंगे जिससे उनको रोगों से मुक्ति मिलेगी।

# स्मार्ट गांव बंधना में सौ पौधों का किया रोपण



**बनवार।** एक पेड़ मां के नाम अभियान से अब सामाजिक संगठन भी जुड़ने लगे हैं। आज स्मार्ट गांव फाउंडेशन की ओर से बंधना अभियान के तहत सौ पौधों का रोपण किया गया। स्मार्ट गांव फाउंडेशन इस अभियान के मौके पर राज्य मंत्री के अनुज सतेंद्र सिंह रूपेश सेन जुगल शर्मा बंटी दुबे मुकेश सिंह हेमराज धुर्वे रानू नामदेव सुदीप अवस्थी दशरथ साहू मिथिलेश तिवारी दीपक मेहरा सहारा ठाकुर राहुल भट्ट, सहित पार्टी के नेता और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह ठाकुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने कहा प्रकृति हमारी मां है। इस प्रकृति का संरक्षण हम एक व्यक्ति की जिम्मेदारी की वो अपनी भूमिका निभाए. प्रकृति के संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक पेड़ मां के नाम" महाअभियान शुरू किया है। इस मुहिम स्मार्ट गांव फाउंडेशन के दिनेश झरिया भी जुड़ गए है और उनके द्वारा 100 से अधिक पौधारोपण करते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश है। इस मुहिम में आमजन पौधारोपण में बढ़ चढकर भाग लिया दिनेश झरिया ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण की वजह से आज हवाओं में पॉल्यूशन जहर के रूम में शरीर मे जा रहा है. इस जहर से बचना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे।

### जूनुनी शिक्षक ने लगाएं घर की बगिया में अनेकों प्रजाति के पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जनपद जबेरा के माला बम्होरी निवासी शिक्षक सुरेश सिंह ने अपने घर के सामने खाली पड़ी भूमि पर विविध पौधे लगा रखे हैं। इनमें कई पौधे औषधीय कुछ फुलवारी व जंगली पौधों से संबंधित हैं। पर्यावरण के प्रति इसे जुनून ही कहा जाएगा। पोधों को लगाने व उनकी देखभाल शिक्षक सुरेश सिंह अपनी पत्नी सुनंदा के साथ नियमित करते है और फिर स्कूल में ड्यूटी के लिए जातें जिसमे जंगली पौधों से लेकर फलदार फुलवारी व कुछ पौधे जंगली शामिल है। वह अपने पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य के रूप में कर रहे हैं तथा लोगों को भी पर्यावरणीय सीख दे रहे हैं। शिक्षक सुरेश सिंह बताते हैं कि उन्होंने अपने यहां विशेषकर कदम आम सागौन नीम आंवला नींबू चार औषधि व फलदार फुलवारी जैसे पौधे लगाए हैं। जिनमें चार का पौधा सबसे महत्वपूर्ण है। वह यहां यह परखना चाहते थे की जंगली पौधे चार जैसे यहां हो सकते है की नहीं । इसमें उन्हें सफलता मिली। उनके पौधारोपण के इस पुनीत कार्य उनकी पत्नी बराबर का साथ देती है और पौधों की खूब देखभाल करती है।

# अपाक्स संघ ने बीईओ का आभार माना



**दमोह।** शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री वाय के कोरी ने रविवार को 2 बजे से 5 बजे तक शिक्षकों को समस्याओं के लिए आमंत्रित किया गया था लगभग 85 शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया विकास कल शिक्षा अधिकारी 20 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। मध्यप्रदेश में विकासखंड स्तर पर यह पहला शिविर है जहां समस्याओं को सुना गया अपाक्स संघ के जिला अध्यक्ष महमूद सिद्दीकी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के विष्णु शर्मा संजय मिश्रा शासकीय शिक्षक संगठन के आरिफ़ अंजुम निर्भय कोरी बांदकपुर से राजू नेमा देवेंद्र ठाकुर हिंडोरिया से सलमा काजी, भारती कौशल राजू विश्वकर्मा कन्हैया अहिरवार राजेश सोनी केदार कुर्मी मनोज विश्वकर्मा तथा कार्यालयीन बांसा तारखेड़ा से दीपक दुबे उत्कृष्ट विद्यालय से राधा अहिरवार बांदकपुर से रामसिंह इमलियाघाट से रोहित तिवारी कन्या हिंडोरिया से सुधीर सोनी विमल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण संपन्न



**दमोह।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तय कार्यक्रम के आधार पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हटा के आदेशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में दिनाँक 05 जुलाई 2024 शुक्रवार को तहसील पटेरा की नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण वर्ष 2024 का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड से एक-एक प्राधिकृत कर्मचारी और एक-एक सहयोगी प्राधिकृत कर्मचारी एवं तहसील की साठों ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक-एक प्राधिकृत कर्मचारी और दो-दो सहयोगी प्राधिकृत कर्मचारियों को दिया गया। प्रशिक्षण तहसील कार्यलय पटेरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्वाचन के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री मुकेश गूजरे ने प्रशिक्षणार्थियों का विशेष मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण में तहसील कार्यक्रम पटेरा से श्री कदीर बाबू और कम्प्यूटर आपरेटर श्री प्रमोद पटैल उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण निर्वाचन के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कैलाश कर्मी और केशवेन्द्र नामदेव जी द्वारा दिया गया।

### चमका एक और प्रतिभारुपी हीरा- महिमा अवस्थी
देश में छठा स्थान हासिल कर बनी जल- भूवैज्ञानिक

**पन्ना।** विश्वविख्यात पन्ना में हीरें ही नहीं, बल्कि प्रतिभारुपी हीरों की भी कमी नहीं है। जिसका एक और उदाहरण पन्ना के अजयगढ़ निवासी महिमा अवस्थी पिता कौशल प्रसाद अवस्थी द्वारा देखने को मिला है। जिसमें उन्होंने संघ लोकसेवा आयोग-यूपीएससी द्वारा आयोजित संयुक्त भूवैज्ञानिक परीक्षा -2023 के हाल ही में घोषित परिणाम में देश में छठा स्थान हासिल कर, जल-भूवैज्ञानिक बनकर जिले का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए प्रिमिलिनरी, मेन्स, साक्षात्कार और मेडिकल चरणों से गुजरना होता है। खुद पर भरोसा, कड़ी मेहनत और गल्तियों से सीख को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए, उन्होंने बताया कि उन्हें यह सफलता बिना किसी कोचिंग के, दूसरे प्रयास में हासिल हुई है। उनका कहना है

## जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ: हर्षोल्लास से निकाली गई जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा

### जगदीश स्वामी मंदिर से लगभग 152 साल से चल रही रथ यात्रा निकालने की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा प्रारंभ हो चुकी है, जो शहर के पुराने थाना स्थित जगदीश स्वामी मंदिर और हनुमानगढ़ी मंदिर से प्रारंभ हुई। । रथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 152 साल प्राचीन मंदिर जगदीश स्वामी पुराना थाना दमोह से शाम 5 बजे से शहर के पुराना थाना स्थित जगन्नोथ मंदिर से रथ पर सवार होकर जगत के पालनहार दीनदयाल भगवान जगन्नाशथ स्वानमी अपने बड़े भाई बलदाऊ और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले। नगर भ्रमण करने के दौरान रथ पर सवार जगन्नानथ के दर्शन करने बड़ी तादाद में श्रद्धालु उमड़े। उल्लेखनीय है कि 1872 में पुराना थाना स्थित जगदीश मंदिर स्थापना की गई थी। यहां भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की प्रतिमाएं हैं। मंदिर से लगभग 152 साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है। से 1872 से रथ यात्रा आज भी निकाली जाती है। यहां समाज के लोग भक्तिभाव के साथ भगवान का रथ खींचा। रथयात्रा पुराने थाने से टाकीज चोराहा,बाकोली ,घंटाघर ,उमा मिस्त्री की तलैया ,महाकाली चौराहा , सिटी नल , पुनः पुराने थाने पर विश्राम हुआ। रास्ते भर जगन्नाथ के परसाद पाने लोग आतु दिखे क्यूंकि कहावत है जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ।

## खबर संक्षेप

### पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने किया पौध रोपण

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल ने मंडी प्रांगण पथरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। उन्होंने आमजन से कहा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपित किये जाये। इन पौधों से ही हमारा जीवन है, हमारी सांस है, यदि पेड़ नहीं तो जीवन में कुछ भी नहीं है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पथरिया खिलान अहिरवार, खरागराम पटेल, नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, राजेंद्र गुरु, लक्ष्मण सिंह, एसडीएम पथरिया निकेत चौरासिया, जनपद पंचायत सीईओ मोहित गुप्ता, उद्यानकी विभाग गणेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### त्याग और तपस्या की मूर्ति गणाचार्य विराग सागर को नमनः प्रहलाद सिंह पटेल

**दमोह।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा गणाचार्य विराग सागर महाराज त्याग और तपस्या की मूर्ति है उनको नमन है। उन्होंने कहा गणाचार्य विराग सागर महाराज के त्याग को मैं नमन करता हूं ऐसे महान संत जो लगातार समाज को एक नई दिशा देते रहे मुनियों को दीक्षित किया। उनके चरणों में बार-बार शत शत नमन करता हूं। मंत्री श्री पटेल ने कहा दमोह जिले के पथरिया में जन्म लेने वाले गणाचार्य विराग सागर महाराज ने बहुत ही कम समय में समाज को देश को एक नई दिशा दी, अनेक मुनियों को दीक्षित किया और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है उनके माता-पिता ने स्वयं गणाचार्य विराग सागर महाराज से दीक्षा ली। गणाचार्य विराग सागर महाराज ने हाल ही में समाधि मरण में भागवत चरणों की प्राप्ति की है।

### अनुपस्थित शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत अधिकारियों के द्वारा लगातार शालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, इसी तारतम्य में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के द्वारा प्राथमिक शाला हिन्नाई, विकासखंड दमोह प्राथमिक शाला ककरा, ईपीईएस शाला नरसिंहगढ एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका आवासीय विद्यालय, नरसिहंगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शाला प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को कराया जाये और ऐप के माध्यम ऑनलाईन रिसीविंग एवं वितरण की एंट्री की जाये। विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, विद्यार्थियों के साप्ताहित एवं मासिक टेस्ट कराये जाये। शाला में दर्ज बच्चों की संख्यानुसार पोर्टल पर मेपिंग कार्य पूर्ण किया जाये। समय-सारणी तैयार की जाये और प्रधानाध्यापक कक्ष में एवं कक्षाओं में चस्पा की जाये। एफ.एल.एन. अंतर्गत कक्षा 3,4,5 की गतिविधियां कराई जाये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कक्षा 3 के विद्यार्थियों की निरंतर पढ़ाई नहीं हो पा रही है, जबकि एफ.एल.एन. अंतर्गत छोटी-छोटी बातो को सिखाया जाता है, शाला में शिक्षक समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य कराये। आगामी निरीक्षण के दौरान विशेष रुप से इन्ही शालाओं में निरीक्षण किया जायेगा और यह देखा जायेगा कि जो निर्देश दिये गये है उनका पालन किया जा रहा है कि नहीं। पालन न किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## तीन महीने तक प्रबंधन हुआ हाई अलर्ट, 21 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद है टाइगर रिजर्व

# मानसून में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शिकारियों की घुसपैठ रोकने ऑपरेशन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



21 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मानसून सीजन में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटन के लिए बंद होने के बाद अब जंगल और वन्य प्राणियों सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मानसून चलाया जा रहा है। जंगल के चप्पे- चप्पे पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नजर बनाए हुए हैं। संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। चूंकि बारिश के कारण मार्ग जर्जर हो जाते हैं और जंगल में घनी झाड़ियां बढ़ जाती। दुर्गम स्थानों पर वाहनों से नहीं जाया जा सकता है। इस स्थिति में वन्य प्राणियों के शिकार, अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध चराई की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही शिकारियों का भी खतरा रहता है। इसलिए रिजर्व में वन्य प्राणियों और उनके आवास की सुरक्षा के लिए प्रबंधन के द्वारा ऑपरेशन मानसून 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिससे जंगल में बाहरी और शिकारियों की घुसपैठ को रोका जाएगा। बता दें कि टाइगर रिजर्व व नौरादेही अभ्यारण्य शुरू से ही शिकारियों व लकड़ी तस्करों के निशाने पर रहा है। अभ्यारण्य के भीतर इस तरह की गतिविधियां संचालित होने के मामले आए दिन सामने आ जाते हैं। बीते 6 सालों में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। साथ ही अन्य जानवरों की भी संख्या बढ़ गई है, इसलिए जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए और अधिक सख्ती कर दी गई है। पूरे स्टाफ को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रात में भी निगरानी की जा रही है। 100 से अधिक कर्मचारी जगह-जगह पर तैनात - किए गए हैं। अभी तक यहां पर हाथी दल वाहन गश्ती सहित 165 अधिकारी कर्मचारी थे, अब इनकी संख्या 265 हो गई है, लेकिन बारिश होने की वजह से ना हाथी दल जंगल के अंदर जा पा रहा है और ना ही वाहन जा पाते हैं और विजिबिलिटी भी कम हो जाती है, इसलिए कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया गया है

### माफियाओं के सक्रिय होने की आशंका अधिक

बताया गया है कि मानसून में तीन माह के लिए पर्यटकों के लिए रिजर्व बंद होने के कारण माफियाओं की सक्रिय होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए अब पूरे क्षेत्र में वनकर्मी पैदल गश्ती कर रहे हैं। जल्द ही दुर्गम व घने वन क्षेत्र में हाथी पर सवार होकर और ड्रोन के सहारे निगरानी शुरू की जाएगी। रिजर्व क्षेत्र में हर बीट में गश्ती जारी रहेगी। दिन में पैदल व हाथी से गश्ती की जाएगी। इसके अलावा रात में भी अमला नजर रखेगा। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी टाइगर रिजर्व में नजर रखी जाएगी। रिजर्व के चप्पे-चप्पे में नजर रखने के लिए अमले को जिम्मेदारियां दे दी गई है। हालांकि बीते सालों में रिजर्व में मानसून के दौरान शिकार के मामले सामने नहीं आए हैं, फिर भी रिजर्व प्रबंधन ने मानसून के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

### ग्रामीण हिस्सों पर ज्यादा फोकस

खासतौर से जंगल से लगे हुए ग्रामीण हिस्सों पर नजर रखी जाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में डेरा जमा कर रहने वालों से पूछताछ की जाएगी। इस काम में सुरक्षा श्रमिकों के अलावा वन विभाग का अमला भी अहम भूमिका निभाएगा। डिप्टी डायरेक्टर एए अंसारी ने बताया कि नौरादेही वन मंडल में 40 पेट्रोलिंग कैंप तैयार किए गए हैं। आंतरिक इलाकों में कच्चे रास्तों से वाहनों की आवाजाही बंद हो जाती है। इस दौरान पेट्रोलिंग कैंप के कर्मचारी ही सुरक्षा संभालते हैं। गस्ती के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पेट्रोलिंग कैंप 40 से 100 तक करने का लक्ष्य है

### झापन को छोड़, सभी रेंजों में बाघों का मूवमेंट

रिजर्व में सुरक्षा को लेकर फिक्र और पुख्ता इंतजाम करने का एक बड़ा कारण बाघों का मूवमेंट है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर बाघों का मूवमेंट झापन रेंज को छोड़कर टाइगर रिजर्व की बाकी सभी रेंजों में देखा गया है। खासकर बांधवगढ़ से जो नया जोड़ा छोड़ा गया था, उसने अपनी टेरिटरी में भी इजाफा किया है। यही कारण है कि बरसात में बाघों की सुरक्षा को लेकर काफी व्यवस्थाएं की जा रही हैं

### इनका कहना है

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ एए अंसारी ने बताया कि मानसून के सीजन में वन्यजीवों के शिकार व विजिबिलिटी कम हो जाती है। झाड़ियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में वन्य प्राणियों की सुरक्षा करना जरूरी होता है। इसीलिए गश्ती दल बढ़ाकर सतर्कता बरती जा रही है। रिजर्व में अगर अवैध गतिविधियां मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी

**डॉ एए अंसारी डीएफओ**
**वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व**

## आचार्यश्री समय सागरजी महाराज का हुआ कुंडलपुर से मंगल विहार



**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ ( 24 पिच्छी )का आचार्य पदारोहण के बाद प्रथम पावन वर्षायोग हेतु मंगल विहार 7 जुलाई को महातीर्थ कुंडलपुर से हुआ। रात्रि विश्राम मजगुंवा ग्राम में होगा ।प्रातः 8 जुलाई को हटा नगर में भव्य मंगल प्रवेश होगा ।गुरुदेव ससंघ का चातुर्मास खजुराहो में होने की संभावना है।

## हॉकी मध्य प्रदेश सब जूनियर चयन प्रक्रिया संपन्न



**दमोह।** हॉकी टरफ मैदान पर दो दिवसीय चयन प्रक्रिया आज संपन्न हो गई। प्रदेश के विभिन्न जिला से आये सत्तर खिलाडियो ने अपने कोशल से टीम मे स्थान बनाने प्रयास किया। हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया किप्रथम दिवस हॉकी दमोह के संरक्षक डा अजय लाल खिलाडियो का हौसला बढ़ाने मैदान पर पहुंचे। आज समापन दिवस पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल जी तथा पूर्व मंत्री जयंत मलैया साहित्यकार नरेंद्र दुबे मनीष तिवारी ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त किया। अतिथियो का स्वागत एन आई एस कोच इमरान गोलू सुधीर हरिशंकर यादव राजेश सालोमन फैयाज भगवान सिंह विजय ठाकुर असार मुहीद अरमान समीर सालिम लाल तरूण नामदेव इमरान आदि ने किया। प्रदर्शन के आधार पर टीम मे पच्चीस सदस्य चुने गए चार दिवसीय कैम्प आयोजित किया जायेगा। हॉकी मध्य प्रदेश की अठारह सदस्यी टीम इक्कीस जुलाई से सूरत मे आयोजित जोनल टूर्नामेंट मे हिस्सा लेगी। अतिथियो ने अपने उदबोधन मे खिलाडियो से अच्छे प्रदर्शन का आव्हान किया। मंत्री पटेल ने अपने खेल जीवन को साझा किया पूर्व मंत्री मलैया जी ने आशीर्वाद देते सफलता की शुभकामनाये दी दुबे जी ने खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन ललित नायक आभार राजेश सालोमन ने माना।

## कदम संस्था ने बालिका छात्रावास में रोपा एक पौधा मां के नाम



**दमोह।** पौधारोपण करने वाली सामाजिक संस्था कदम ने शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में ठीक 10 बजे एक पौधा मां के नाम पर रोपा मोनिका टंडन,शहनाज राम,वर्षा रैकवार,संगीता राठौर,राधेश्याम नेमा,हरिप्रसाद सेन,लखन गुप्ता,सुमित राठौर,रुद्रांश टंडन ने अपना जन्मदिन कदम संस्था के साथ पौधा रोपकर मनाया संस्था प्रमुख दीपक सेन ने कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, मंत्री गोपाल भार्गव, स्व. महेंद्र सिंह जुनेजा, स्व. बद्री सिंह ठाकुर, नरेंद्र दुबे, नरेंद्र अर्जरिया,एडवोकेट कमलेश भारद्वाज,सुदामा प्रसाद सेन,डीएसपी अरविंद तिवारी,स्वर्गीय केश कुमार असाटी,गजेंद्र सिंह,रीता महेश्वरी,पूर्व एसपी विवेक अग्रवाल,पूर्व नगर निरीक्षक सत्येंद्र सिंह राजपूत,अन्या श्रीवास्तव,नित्या प्यासी,हरीश राय के जन्मदिन एवं डॉक्टर सुदेश जैन,सोनम लकी नामदेव की वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण किया गया, सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया एवं कदम सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। शहनाज राम,उषा चौधरी ने कदम संस्था की अजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति भावना उमरे, साधना गुप्ता, सोनिया गुप्ता ,मंजूषा चौबे,अर्चना नेमा, वैष्णवी राजे,वंदना नेमा एलिजा जैकब,आर्यका राजे, संध्या राठौर, प्रभात जैन, डॉक्टर केदारनाथ शर्मा, टी चौधरी, राहुल टंडन, ऋतिक मोहन गुप्ता,दीपक नेमा,पलाश असाटी,दिग्विजय सेन की विशेष उपस्थिति रही।

## संदिग्ध हालत में महिला की हुई मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

थाना अंर्तगत आने वाले ग्राम कुआखेड़ा बाजी में शनिवार की शाम एक महिला की संदिग्ध मौत हो जानें का मामला सामने आया था जहां मृतिका के परिजनों द्वारा पुलिस थाना हटा में फांसी लगाकर मौत हो जानें की सूचना दी गई जहां मौके पर एसडीओपी नीतेश पटेल थाना प्रभारी मनीष कुमार ने पहुंचकर घटना का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर सागर एफएसएल टीम को सूचित कर टीम द्वारा निरीक्षण कर साक्षी एकत्रित कर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए शव को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। वही मृतिका के मायके पक्ष को जानकारी मिलते ही गांव पहुंचे जहां परिजनों द्वारा ससुराल पक्ष पर हत्या करनें के आरोप लगाए जा रहे है। जानकारी के अनुसार मृतिका अनीता पटेल पति राकेश पटेल उम्र 38 बर्ष निवासी कुआखेड़ा बाजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जानें बाद मृतिका के पिता गोवन्दी पटेल निवासी मुहरई द्वारा अपनें दामाद एवं अन्य परिजनों पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी पुत्री की हत्या की गई है वही मृतिका के भाई दीनदयाल द्वारा बताया गया कि मेरी बहिन अनीता की शादी 18 बर्ष पूर्व कुआखेड़ा बाजी में राकेश पटेल के साथ हुई थी उसके पति द्वारा हमेशा मारपीट की जाती थी जिसकी विगत बर्ष हटा पुलिस थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी लेकिन शिकायत पर कार्यवाही न होने पर मेरी बहिन की उसके पति द्वारा हत्या कर दी गई और फांसी लगानें का बहाना बनाया जा रहा है क्योंकि जब हम लोग मौके पर घर पहुंचे तो वहां किसी भी प्रकार से फांसी लगानें के सबूत नहीं मिले बल्कि मेरी बहिन के हाथों में चोटों के निशान एवं कान से खून बहना देखा जा रहा था। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वर्षों से खाली पड़े शासकीय कार्यालयों के पद पुलिस विभाग में 35 की जगह 19 कर्मचारी कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद




इसे शासन की अनदेखी कहे या प्रशासन की कमी की गैसाबाद की सरकारी संस्थाओं के अनेक पद कई वर्षों से खाली पड़े हुए हैं जिस ओर शासन प्रशासन का ध्यान नहीं पहुंच पा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस थाना गैसाबाद में 27 पद स्वीकृत है जिसमें सिर्फ 17 कर्मचारी ही तैनात है इसी तरह मुराझ चौकी में आठ कर्मचारियों की जगह मात्र दो कर्मचारी ही तैनात है। 35 कर्मचारियों का कार्य 19 कर्मचारीयो द्वारा किया जा रहा है जिसमें असुविधा होना लाजमी है।

गौरतलब है कि पुलिस महकमा जैसे संवेदनशील विभाग में कर्मचारियों की कमी होना चिंता का विषय है। ग्राम की उप तहसील कार्यालय मे तो कागजों में कर्मचारी नियुक्त किए गए लेकिन कार्यालय में लिपिक, पटवारी एवं कोई अन्य कर्मचारी देखे नहीं जाते हैं यहां पर कर्मचारी तो तैनात है लेकिन वह उप तहसील कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। आयुष विभाग में कंपाउंड एवं दवा सहायक के पद कई वर्षों से रिक्त पड़े हुए हैं, पशु औषधालय में वीएस का पद वर्षों से खाली है, उप स्वास्थ्य केंद्र में तीन कर्मचारी तैनात है जिसमें से एक एनएम की ड्यूटी हिनौता स्वास्थ्य केंद्र में लगाये जाने से स्वास्थ्य केंद्र में मात्र दो कर्मचारी रह गए हैं। विद्युत सब स्टेशन जिससे आसपास के करीबन 25 गांव जुड़े हुए हैं। जहां पर विद्युत आपूर्ति करने के लिए विद्युत विभाग के पास सिर्फ एक लाइन मेन है जो अकेले ही भगवान भरोसे विद्युत कार्य करता रहता है। सबसे अधिक खराब हालात तो ग्राम के हाई स्कूल के बने हुए हैं जहां पर वर्ग एक के 7 पद एवं वर्ग 2 के एक पद खाली पड़े हुए हैं। इतना ही नहीं ग्राम का हाई स्कूल कई वर्षों से फुल फ्रेश प्राचार्य की बाट देख रहा है। यह स्कूल लंबे समय से प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित होते आ रहा है।

ऐसे ही कुछ हालात खमरगौर हाई स्कूल के बने हुए हैं, यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि जब एक छोटे से गांव गैसाबाद की शासकीय संस्थाओं मे बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की संख्या में कमी देखी जा रही है। तो संपूर्ण मध्य प्रदेश के शासकीय कार्यालयो के हालत कैसे होंगे इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, इस मामले पर जब एसडीएम राकेश मरकाम से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन के 53वें खेल महोत्सव का रंगारंग शुभारम्भ

**दमोह।** केंद्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर संभाग के 53वें खेल महोत्सव के अंतर्गत जबलपुर संभाग के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 6 जुलाई से 8 जुलाई, 2024 तक किया जा रहा हैद्य इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय दमोह में अंडर -14, अंडर-17 (बालक) समूह फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका रंगारंग उद्घाटन दिनांक 6 जुलाई को खुशनुमा मौसम में विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआद्य 12 शहरों के 14 विद्यालयों की 18 टीमों के 256 फुटबॉल खिलाड़ी अपने 30 अनुरक्षकों के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपप्रज्ज्वलन एवं जबलपुर संभाग के ध्वजा-रोहण के साथ किया गया। स्वागत गीत के पश्चात विद्यालय के उप-प्राचार्य डॉक्टर सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि महोदय एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की संक्षिप्त जानकारी दीद्य विभिन्न वेशभूषाओं में सुसज्जित अपने-अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मार्च-पास्ट में कदम से कदम मिलाते हुए बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था । विद्यालय कप्तान कु.निदा खान द्वारा खेल को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई।